तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 30 दिसम्बर 2023

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 स्वीकृत होने के बाद भी राशि के अभाव में 2929 एएचपी मकानों का निर्माण अधर में



## खबर संक्षेप

### स्कूल गेम्स में सोनिका ने जीता गोल्ड मेडल



**सूरजपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिता के दौरान 1500 मीटर दौड़ में जिले की कुमारी सोनिका राजवाड़े ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। प्रतियोगिता के दौरान छात्रा ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रौशन किया है। बताया जा रहा है कि शासकीय कन्या उच्तर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर में अध्ययनरत छात्रा कुमारी सोनिका राजवाड़े को जिला प्रशासन की पहल से भोपाल के स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया (एसएआई ) में सीधे प्रवेश दिलाया गया था। जिसके सुखद परिणाम आज जिले को प्राप्त हुए है। प्राप्त जनकारी के अनुसार स्कूल गेमस फेडरेशन ऑफ इण्डिया (एसजीएफआई) द्वारा आयोजित दौड प्रतियोगिता में कुमारी सोनिका राजवाड़े ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। यह पदक उसने 1500 मीटर की दौड में हासिल किया है। जिससे न केवल सूरजपुर अपितु संभाग व राज्य का नाम भी गौरवान्तित हुआ है। कुमारी सोनिका राजवाड़े की इस उपलब्धि पर कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा छात्रा को बधाई दी गई व उसके उज्वल भविष्य के लिए कामना की गई।

### कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए दिशा निर्देश

**सूरजपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार भारत के केरल राज्य में पाये गए नये कोरोना वायरस (जे.एन.-1) के फैलाव होने के कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह ने दिशा-निर्देश जारी किया है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में कोविड के संक्रमण का कोई मामला नहीं है। जिले में समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड जांच की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। सर्दी, बुखार, खांसी या सांस में तकलीफ होने पर नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या जिला चिकित्सालय में उपस्थित होकर जांच एवं उपचार करावें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पूर्व में जारी कोविड संबंधी दिशा-निर्देशों तथा कोविड अनुरूप व्यवहार जैसे- मास्क लगाना, साबुन से हाथ धोना, सैनिटाइजर का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग अपनावे। कोविड के संभावित लक्षण वाले व्यक्ति से दूरी बनाकर रखना इत्यादि नियमों का पालन करें।



### पुलिया के डिवाइडर से टकराया बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** नाना का घर पहुंचा कर अकेले बाइक से लौट रहा युवक ग्राम सरईपानी के समीप अनियंत्रित होकर पुलिया के डिवाइडर से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम पेटला निवासी सुखलाल कुमार आ. विफल साय (20 वर्ष) गत ग्राम बटकुरा निवासी नाना के यहां गया था। युवक बाइक से नाना को पहुंचाने ग्राम गोडपहरी बगीचा गया था। शाम को युवक अकेले वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम सरईपानी के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पुलिया के डिवाइडर से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## संभाग मुख्यालय के निकट हाथियों की मौजूदगी से मची खलबली

# रास्ता बाधित करने के कारण 27 हाथियों का दल पहुंचा गजाडांड़ जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लुण्ड्रा वन परिक्षेत्र अंतर्गत दोरना, डांड़गांव के रास्ते जशपुर सहित बादल खोल अभ्यारण्य की ओर बढ़ रहे 27 हाथियों के शहर के निकट गजाडांड़ जंगल में पहुंचने से वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। गजाडांड़ जंगल शहर से मात्र 12 किमी दूर है। ग्रामीणों ने पूर्व की तरह हाथियों का रास्ता बाधित किया तो हाथी कभी भी शहर की सीमा में पहुंच कर प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर सकते हैं।

**खास बात**

- ग्रामीणों ने रास्ता रोका तो हाथी पहुंच सकते हैं खैरबार एवं महामाया पहाड़

लम्बे समय से प्रतापपुर जंगल में भ्रमण करने के बाद 28 हाथियों का दल राजपुर जंगल के रास्ते जशपुर जाने के लिए निकला था। इस दौरान करंट की चपेट में आने से एक दंतैल की मौत हो गई थी। एक सप्ताह तक भारी तबाही मचाने के बाद हाथी पिछले तीन दिनों से दोरना डांड़गांव के रास्ते चितालता जंगल की ओर जाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लगातार रास्ता बाधित करने के कारण हाथी वापस लौट जा रहे थे। बीती रात हाथी ग्राम असकला के रास्ते आगे जा रहे थे लेकिन बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र होकर पटाखा फोड़ने लगे। ग्रामीणों द्वारा रास्ता बाधित करने के कारण हाथियों ने अपना मार्ग बदल दिया तथा गंगापुर व बेलकोटा के रास्ते चेंद्रा जंगल में पहुंच गए। चेंद्रा जंगल में पहुंचने के बाद हाथियों ने आसपास के क्षेत्रों में गन्ना खाकर अपनी भूख मिटाई। हाथियों ने एनएच 43 से सटे पर्यटन स्थल रनघाघ नर्सरी का भ्रमण किया एवं पार्क में पर्यटकों के मनोरंजन के लिए लगे झूला को तोड़ दिया। पार्क में काफी देर तक घूमने एवं झरना में जलक्रीड़ा करने के उपरांत हाथी गजाडांड़ जंगल में चले गए। हाथियों के शहर के निकट पहुंचने की सूचना पर वनकर्मियों में खलबली मच गई। आनन-फानन में अधिकारी गजाडांड़ पहुंचे एवं हाथियों को नियंत्रित करने की योजना बनाई। वन अधिकारियों का कहना है कि हाथियों के गंगापुर, ऊंचडीह, बेलकोटा एवं सीतापुर अंतर्गत सलेयाडीह के रास्ते आगे जाने की संभावना है। ग्रामीणों द्वारा रास्ता बाधित करने पर हाथियों के वापस दोरना जंगल की ओर वापस लौटने अथवा शहर से सटे ग्राम पंचायत खैरबार, महामाया पहाड़ एवं कांतिप्रकाशपुर, मानिकप्रकाशपुर की ओर जाने की ओर जाने से इंकार नहीं किया जा सकता।



### पुलिस कर्मियों को किया गया तैनात

ग्रामीणों द्वारा हाथियों का रास्ता बाधित करने की संभावना पर विभाग ने अम्बिकापुर एवं धौरपुर रेंज के वनकर्मियों को हाथियों की निगरानी के लिए तैनात किया है। खतरे को देखते हुए विभाग ने पुलिस की भी मदद ली है। गजाडांड़ में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। इस दौरान मामूली सी चूक भी खतरनाक हो सकता है। हाथी शहर के निकट पहुंचे तो बड़े खतरे की स्थिति निर्मित हो सकती है।

#### रास्ता रोकने के कारण फसल की क्षति

बड़ा दल होने के कारण हाथी हर दिन 10 एकड़ से अधिक फसल को तबाह कर रहे हैं। विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत हाथियों से हुई फसल क्षति पर आर्थिक अनुदान क्षतिपूर्ति का भी भुगतान किया जा रहा है लेकिन क्षतिपूर्ति राशि बेहद कम होने के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हाथियों द्वारा लगातार गन्ने की फसल तबाह करने के कारण किसानों में भारी नाराजगी है। इधर ग्रामीणों द्वारा लगातार रास्ता बाधित करने के कारण हाथी भी आक्रोशित हैं। बीती रात हाथियों ने ग्राम बुलगा, दोरना, डांड़गांव एवं खाल पोड़ी में घुसने की कई बार कोशिश की। वनकर्मियों ने गजराज वाहन की मदद से कड़ी मशक्कत कर खेतों की ओर खदेड़ा। लगातार रास्ता बाधित करने के कारण आक्रोशित हाथी तोड़-फोड़ मचाने के साथ ही जनहानि भी कर सकते हैं।

#### रखी जा रही नजर

हाथियों को उनके मार्ग पर निर्वाध अग्रसर रहने के लिए हर संभव पहल की जा रही है। हाथियों का रास्ता बाधित करने के प्रयासों को रोकने के लिए अम्बिकापुर एवं धौरपुर रेंज के कर्मचारियों को तैनात किया गया है। पुलिस बल की भी मदद ली गई है।

-मेरी ग्रेस कुजूर
उप वन मंडलाधिकारी, अम्बिकापुर



कार्रवाई करते अधिकारी।

# प्रशासनिक टीम ने पकड़ा दो पिकअप धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान


कलेक्टर के निर्देशन व एसडीएम के मार्गदर्शन में ग्राम बंजा व जुर में शुक्रवार की सुबह अवैध धान को समिति में खपाने के लिए ले जा रहे दो पिकअप वाहन को तहसीलदार समीर शर्मा ने पकड़ा। धान खपाने के प्रयास में जुटे बिचौलियों को रोकने के लिए एसडीएम सागर सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। शुक्रवार को समिति में अवैध रूप से धान खपाने के लिए ले जा रहे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 2083 में 56 बोरी धान ग्राम बंजा से जुर की ओर ले जा रहा था जिसे तहसीलदार ने रोका। साथ ही जब धान से संबंधित दस्तावेज दिखाने की मांग की तो चालक द्वारा किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं दिखाया गया। वहीं दूसरी ओर ग्राम जुर में 50 बोरी धान से लदे पिकअप क्रमांक सीजी 15 एसी 1294 को तहसीलदार ने रोककर पूछताछ की जिस पर पिकअप चालक ने बताया कि धान को रामानुजनगर से भैयाथान की ओर लेकर जा रहा था। पिकअप रामानुजनगर क्षेत्र निवासी दीपेश साहू का बताया जा रहा है। पिकअप चालक के पास उक्त धान से संबंधित किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं था जिस पर तहसीलदार ने धान से लदे दोनों पिकअप को जब्त कर कार्यवाही करते हुये बसदेई चौकी को सुपुर्द किया है। कार्रवाई से क्षेत्र के धान बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है। कार्रवाई के दौरान पटवारी सुशिल तिवारी, गिरधर ठकुरिया, अखिलेश सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

- समिति में खपाने लेकर जा रहे धान

# जिस पेड़ को काट रहा था ग्रामीण उसी के नीचे दबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मौत कब और किस रूप में आ जाए इसका कोई ठिकाना नहीं है। मैनपाट के सीमावर्ती ढोलपखना जंगल में एक ग्रामीण जिस पेड़ को काटने के लिए घंटों पसीना बहाया, आराम करने के दौरान उसी पेड़ के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस और परिजन के मुताबिक ग्राम परपटिया के ढोलपखना निवासी सुंदर मझवार पिता रोंगो मझवार (50 वर्ष) बुधवार को पड़ोसी ग्राम पनही पखना में अपने खेत की ओर गया था। मौत उसका इंतजार कर रही थी। खेत घूमने के बाद अचानक उसने खेत से सटे एक बड़े साल पेड़ को काटने की योजना बना टांगी से पेड़ को काटना शुरू कर दिया। पेड का तना काफी मोटा था, जिसे वह आधा काटने के बाद थक कर चूर हो गया और उसी पेड़ की छांव में लेट गया। इसी बीच हवा चलने लगी और पेड़ उसके ऊपर गिर गया। विशाल पेड़ के नीचे दबने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। काफी देर बाद वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसे तलाशने निकले तथा खेत के पास पहुंचे तो नजारा देख चौंक गए। पेड़ को आधा कटे होने का निशान देख माजरा समझने में देर नहीं लगी। सूचना पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पीएम उपरांत शव परिजन को सौंपा।



पेड़ के पास मृत ग्रामीण।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** घरघोड़ से घर लौट रहे बाइक सवार युवक को पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार चंदौरा निवासी अनुज पैकरा आ. दिनेश पैकरा (24 वर्ष) गत दिन किसी काम के सिलसिले में ग्राम घरघोड़ा गया था। युवक शाम को वापस घर लौटने लगा और जैसे ही चंदोरा के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक आरजे 14 जीजे 5743 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# ट्रक की चपेट में आकर घायल दूसरे युवक ने भी तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ट्रक की चपेट में आकर घायल हुए दूसरे बाइक सवार युवक की भी मौत हो गई। घायल युवक को बतौली से अंबिकापुर रिफर किया गया था जहां परिजन द्वारा उसे मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लिया है। बता दें कि गुरुवार की शाम बतौली अंतर्गत ग्राम जूनापारा मंगारी निवासी 33 वर्षीय बाबूलाल आ. सुखदेव अपने दोस्त 36 वर्षीय जयमल आ. स्व. मुगता के साथ बाइक क्रमांक सीजी 17 ओएफ 5800 से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान सेदम पुलिया के समीप पीछे से आ रहे टाटा मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 15 डीयू 2632 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच अंबिकापुर की ओर आ रहे ट्रक क्रमांक एनएल 01 जी 2099 के सड़क पर पड़े युवकों को कुचल दिया था। इस घटना में बाबूलाल की मौके पर ही मौत हो गई थी जबक जयमल को गंभीर हालत में बतौली से रिफर कर दिया गया था। परिजन युवक को गंभीर हालत में लेकर मिशन हॉस्पिटल पहुंचे थे जहां अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद जयमल को भी मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही घटना की जांच जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया है।

- सेदम पुलिया के समीप हुई थी घटना



# नगर निगम ने शहर में चलाया स्वच्छता अभियान

**अम्बिकापुर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर में विशेष अभियान चलाकर सड़कों व नालियों की सफाई कराई जा रही है। इस अभियान के तहत वार्डों में जगह जगह पसरी गंदगी को साफ करने के साथ ही कचरे फैलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि शहर में ननि आयुक्त अभिषेक कुमार के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ड्राइव चलाई जा रही है। इस दौरान प्रशासनिक टीम स्वयं स्थलों का मुआयना कर सफाई करवा रही है। नाले-नालों, सड़कों, बाजारों, तालाबों सहित वार्डों में सफाई कार्य जारी है। आज इसी कड़ी में नेहरू वार्ड का निरीक्षण कर वार्ड में साफ-सफाई की गई,जिसके पश्चात टीम द्वारा करसु तालाब में पसरी गन्दगी को साफ करवाकर व्यवस्था ठीक की गई। वार्ड एवं तालाब की साफ-सफाई से वार्डवासियों में खुशी है, इस दौरान टीम द्वारा लोगों को सड़क एवं तालाब में कचरा ना फेंकने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही रानी सती मन्दिर कॉलोनी में कूड़ा- कचरा इत्यादि का उठाव करवाया गया तथा सफाई करवाई गई। निगम द्वारा लोगों को कचरा प्रबंधन में सहयोग करने का आह्वान किया गया है। इस दौरान लोगों को डोर टू डोर कचरा प्रबंधन में सहयोग करते हुए गीला व सूखा कचरा अलग अलग देने का आह्वान किया गया।

- सड़क, नालों व तालाबों में कराई जा रही सफाई



### उत्कर्ष योजना के तहत विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन 25 जनवरी तक

**बलरामपुर।** जिला अन्तर्गत पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को वर्ष 2024-25 में कक्षा 6वीं में राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में प्रवेश हेतु 10 मार्च 2024 दिन रविवार को समय दोपहर 12 से 2 बजे तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया है। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक छात्रों एवं अभिभावक संबंधित अध्ययनरत शाला में प्राचार्य-प्रधान पाठक के पास निर्धारित आवेदन पत्र में आवेदन 25 जनवरी 2024 तक भरकर जमा कर सकते हैं।



# नाली में बहकर बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में एक तरफ समय समय पर लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। बांकी डेम में जल भराव कम होने से पानी की सप्लाई में कमी आई है लेकिन इन सब के बावजूद शहर में अनावश्यक रूप से पानी बहाने का काम खुद नगर निगम कर रहा है और प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बेकार नाली में बहाया जा रहा है। बता दें कि इस बार शहर को पानी उपलब्ध कराने वाले बांकी जलाशय में जल भराव आधे से भी कम हुआ है। ऐसे में गर्मी के समय तो लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा और आने वाली गर्मियों में भी इसी तरह की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जिसे लेकर जनता के साथ ही ननि सरकार चिंतित है लेकिन जिस तरह से शहर में पानी की बर्बादी की जा रही है उसे देखकर अधिकारियों की लापरवाही का अंजादा लगाया जा सकता है। दरअसल पुराने दमकल कार्यालय के समीप लगे हुए पाइप से प्रतिदिन पानी की बर्बादी की जा रही है। दोपहर से लेकर शाम तक पाइप से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है और बहकर सीधे नाली में जा रहा है। मोटी धार के साथ बहते हुए पानी को आस पास ठेला लगाने वाले लोग अपने उपयोग के लिए भरते है लेकिन बाकी लाखों लीटर पानी प्रतिदिन अनावश्यक बर्बाद हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह पाइप पूर्व में दमकल कार्यालय संचालित रहने के दौरान लगाया गया था और टैंकरों को भरने का काम भी किया जाता था लेकिन अब तक इस पाइप लाइन को बंद नहीं किया गया है जिससे प्रतिदिन पानी की बर्बादी हो रही है।

- पाइप लाइन बंद नहीं कराए जाने के कारण लगातार गिरता रहता है पानी

## धोखे से कराई गई रजिस्ट्री, कलेक्टर व एसपी से की गई शिकायत

# मधुमक्खी पालन के नाम पर आदिवासी ग्रामीणों से 30 एकड़ जमीन की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

मधुमक्खी पालन के नाम पर आदिवासी ग्रामीणों की 30 एकड़ जमीन को धोखे से रजिस्ट्री कराने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने घटना की शिकायत कलेक्टर, एसपी से करने के से करने के साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले की जानकारी लगने के बाद विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए दोषियों के खिलाड़ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जवाहरनगर के चंदादाडी निवासी आदिवासी किसान भूलन नगेशिया आ. जयधर नगेशिया व नागेश्वर नगेशिया आ. जयधर नगेशिया ने कलेक्टर आर एक्का व एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के नाम सौंपे ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ग्राम पंचायत जमीरापाठ निवासी जितेंद्र बुनकर, बजंती नगेशिया, संतोष बुनकर, बिनु नगेशिया व अन्य लोगों द्वारा 4 दिसंबर को जमीन पर मधुमक्खी पालन कराने के नाम पर लालच देकर धोखे से उनके जमीन की रजिस्ट्री तहसील कार्यालय में करा ली गई। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिनों पहले जितेंद्र बुनकर व बिनु उसके घर पहुंचे थे और बताया कि अगर वह अपनी जमीन पर मधुमक्खी पालन करने को इच्छुक है तो वे उसे शासन से योजना के तहत राशि दिला सकते है। शासन से मिलने वाली अनुदान राशि के नाम पर वे जमीन की ऋण पुस्तिका व आधार कार्ड अपने साथ ले गए और जब ग्रामीणों ने दस्तावेज वापस मांगे तो वे उन्हें दस्तावेज नहीं लौटा रहे थे। इस दौरान 4 दिसंबर को सभी उन्हें अपने साथ तहसील कार्यालय ले गए और किसी कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए इसके साथ ही उन्हें बंधक। 5 व 6 दिसंबर को दोनों भाइयों को बुलाकर बताया गया कि मधुमक्खी पालन करने इ उनका जीवन स्तर सुधर जाएगा। अपने साथ हुई ठगी की जानकारी लगने के बाद ग्रामीणों की पत्नी ने सरपंच के माध्यम से आवेदन बनाकर पुलिस थाना कोरंधा में इसकी शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद 20 दिसंबर को पुलिस ने जब बिनु नगेशिया व बैजंती नगेशिया को बुलाकत पूछताछ की गई तो उन्होंने जमीन भूलन नगेशिया व नगेश्वर नगेशिया को जमीन बेचने की बात कबूल कर ली। उन्होंने इस मामले की शिकायत कलेक्टर एसपी से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।



#### दिए है कार्रवाई के निर्देश

यह मामला काफी गंभीर है। नामांतरण पर रोक लगाने के साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। इस तरह के घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसका भी ध्यान अधिकारी रखे।

-उद्धेश्वरी पैकरा, सामरी विधायक

29 Ambikapur-BHOOMI-pg 2_Layout 1 12/29/2023 9:35 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने सीखे सुपर मार्केट में बिलिंग प्रक्रिया

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (शिक्षा विभाग), मनेन्द्रगढ़ की कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं में अध्ययन कर रही छात्राओं ने इंटर्नशिप किया। रिटेल के प्रशिक्षक कुलदीप कुमार नामदेव ने बताया कि व्यावसायिक पाठ्यक्रम केअंतर्गत 11 वीं एवं 12 वीं में अध्ययनरत छात्राओं को उनके व्यावसायिक पाठ्यक्रम से जुड़ी हुई किसी व्यावसायिक संस्थान में जाकर इंटर्नशिप करना है, इसके तहत छात्राएं बीएस मार्ट ( सुपरमार्केट), मनेन्द्रगढ़ में जाकर अपना 10 दिवसीय सफलतापूर्वक इंटर्नशिप पूरा कर रहे हैं। इस पूरी प्रक्रिया में छात्राओं के प्रशिक्षक कुलदीप कुमार नामदेव ने पूरा मार्गदर्शन कराया, इससे छात्राओं ने सीखा कि संस्थान में ग्राहकों के प्रवेश के समय अभिवादन कैसे करें, सामानों को रैंक पर व्यवस्थित कैसे रखें, ग्राहकों को उत्पादन और सेवाएं खरीदने के लिए मार्गदर्शन देना ,उन्हें आकर्षित करने की योजना से लेकर बिलिंग प्रक्रिया तक छात्राओं ने रिटेल की बारीकियां को शिखा, छात्रों के इस पूरे इंटर्नशिप मे बीएस मार्ट के संचालक कैलाश अग्रवाल ने सहयोग किया। 10 दिवसीय इंटर्नशिप में स्कूल के वरिष्ठ व्याख्याता राम रक्षा द्विवेदी, नारायण तिवारी, विजय गोपाल राव एवं विद्यालय के प्राचार्य सत्येन्द्र कुमार सिंह का योगदान रहा।

### मौसम का बदला मिजाज ठंड में आई कमी

**बैकुंठपुर।** दिसंबर के महीने में जमकर सर्दी पड़ती है, लेकिन इस बार पक्षिमी विक्षोप के प्रभाव के कारण दिसंबर का अंतिम सप्ताह में जहां ठंड में बढ़ोतरी होनी चाहिए, लेकिन ऐसा न होकर ठंड में कमी आई है, जबकि दिसंबर माह की शुरूआत होने के साथ ही मौसम का मिजाज बिगड़ने के बाद बे मौसम बारिश भी शुरूआत में हुई, जिसके बाद से ठंड में बढ़ोतरी शुरू हुई तो बीच में जमकर ठंड बढ़ी। इसी बीच फिर से मौसम के सिस्टम में बदलाव के कारण हवाओं की दिशा बदली और फिर तापमान में बढ़ोतरी होने लगी, हालांकि शहर में अभी कई जगहों पर अलाव जल रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 26 डिग्री रहा, वही न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज की गई, जबकि इसके कुछ दिनों पूर्व न्यूनतम तापमान में गिरावट 5 डिग्री तक हो गई थी, जिसके कारण रात में कडाके की ठंड पड़ रही थी और दिन के समय में भी उत्तरी बर्फीली हवाओं के चलने के कारण दिन में भी कंपकंपी भरी ठंड का सामना करना पड़ रहा था। इसी बीच चालू माह के तीसरे सप्ताह से न्यूनतम व अधिकतम तापमान में कुछ बढ़ोतरी हुई, जिससे कि लोगों को कड़कड़ाती ठंड से राहत मिल गई है।

## आदर्श ग्राम कटगोड़ी का मामला, पानी के लिए परेशान होते हैं ग्रामीण

# पाइन लाइन विस्तार पर पेयजल सप्लाई नहीं



सोनहत ब्लॉक के आदर्श ग्राम कटगोड़ी में योजना के तहत लगाए गए पाइप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन के जरिए हर-घर नल कनेक्शन देकर पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई थी, लेकिन जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से करीब 15 किमी दूर स्थित सोनहत ब्लॉक के आदर्श ग्राम कटगोड़ी में लगभग तीन साल पूर्व पीएचई विभाग की ओर से पाइप लाइन बिछाई तो गई पर आज तक नल नहीं लगाया गया है।

आलम यह है कि यहां पाइप लाइन बिछाने के करीब 32 महीने बीत जाने के बावजूद भी गांव में सप्लाई चालू नहीं की गई। सप्लाई शुरू नहीं होने से ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इसके चलते उन्हें गांव में मौजूद हैंडपंप से पानी लेकर आना पड़ता है। ग्रामीण बताते हैं कि सालों पहले विभाग के ठेकेदार द्वारा जल्दी-जल्दी में 4 इंच की पाइप लाइन बिछाई गई थी। पाइप लाइन बिछाने में भी काफी अनियमितता की गई थी। कई बार शिकायतों के बाद भी विभाग के अधिकारियों ने गांव की ओर पलट कर भी नहीं देखा। ठेकेदार द्वारा कस्बे में बिछाई गई पाइप लाइनें गहराई में न डालकर ऊपरी सतह पर ही डाली गई है, जिससे पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने की संभावना अधिक रहती है। जानकारी के अनुसार विभाग के अधिकारियों द्वारा शासकीय कार्यों के हर स्टेप पर मॉनिटरिंग के लिए मेजरमेंट बुक में कार्य को लिखकर हस्ताक्षर किया जाता है। जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के ज्यादातर कार्यों के लिए मेजरमेंट बुक के पहले ही भरकर हस्ताक्षर कर दिए जाने की बात कही जा रही है। वहीं दूसरी ओर विभाग द्वारा जल जीवन मिशन में जानकारी के लिए लगाए गए आवेदनों पर भी जानकारी नहीं देने के कारण अनियमितताओं को लेकर सवाल खड़े होते दिख रहे हैं। कोरिया जिले के पटना तहसील क्षेत्र के 52 पंचायतों में पेयजल के लिए 2 साल में करीब 52 करोड़ से अधिक राशि खर्च की जा चुकी है, बावजूद योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। जल जीवन मिशन योजना से घर-घर पानी उपलब्ध कराने के लिए पीएचई विभाग ने नल कनेक्शन के लिए पाइप व चबूतरे तो लगा दिए, लेकिन सप्लाई लाइन नहीं बिछाई गई। निर्माण के दो साल बाद भी पानी नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं। पेयजल व निस्तार के लिए ग्रामीण पुराने स्त्रोतों पर ही निर्भर हैं।

### ओवरहेड टंकी बनी लेकिन निर्माण अधूरा

ग्राम पंचायत चिरगुड़ा, कटोरा में भी ओवरहेड पानी टंकी बनाकर गांव के आधे-अधूरे ग्रामीणों के घरों में पाइप लाइन विस्तार कराया गया है, लेकिन जिनके घरों तक पाइप लाइन नहीं पहुंचा है, वहां भी सीमेंटेड पाइप ऐसे ही लगाए गए हैं। कई स्थानों के स्टाम्प पोस्ट तो टूट कर नष्ट हो चुके हैं, इसी तरह ग्राम पंचायत छिंदिया, तेंदुआ, डुमरिया, पिपरा, टेंगनी, टेमरी, खोंड़, सावांरावां, करहिया खांड़, बरदिया, कटकोना, मुरमा, अंगा, पूटा, चंपाझर, डकईपारा, जमगहना, महोरा, अमहर, डबरीपारा, कसरा, तरगवां, रामपुर, बुड़ार, कुड़ेली सहित क्षेत्र के सभी अन्य पंचायतों में जल जीवन मिशन योजना के तहत 2 साल से निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं और ग्रामीण पानी के इंतजार में हैं।

### कनेक्शन शुरू नहीं

ग्रामीण बताते हैं कि आने वाले मार्च-अप्रैल महिने में पाइप लाइन बिछाई 3 साल पूरा हो जाएगा। अब तक कई महीने हो चुके हैं, लेकिन विभाग द्वारा पाइप लाइन बिछाने के बावजूद भी गांव में केवल सीमेंट के खूंटे गाड़ कर ही छोड़ दिया गया है। इसमें ना तो सब असेंबली पाइप लगी है और ना ही टोटी ही लगाई गई है। यहां तक की नाल के आसपास बने सीमेंट के फाउंडेशन लोग कई अन्य तरह से इस्तेमाल कर रहे हैं।

### पेयजल सप्लाई में समय लगेगा

कटगोड़ी में पानी का स्त्रोत नहीं होने के कारण यहां समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत कार्य जारी है। केबलाबाहार के पास दूलीधार में कार्ययोजना संचालित है। पेयजल सप्लाई में अभी समय लग सकता है।

**–सीबी सिंह,** ईई पीएचई कोरिया



पिकनिक स्पॉट पर उमड़ रहे लोग।

# पिकनिक स्पॉट गुलजार बढ़ी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

साल 2023 का अंतिम दिन की घड़ी नजदीक आ गई है, बस एक दिन का और इंतजार है और कल 31 दिसंबर को साल 2023 का अंतिम दिन होगा। वर्ष के आखिरी दिन की रात्रि में साल की विदाई के साथ नए साल का जश्न भी मनाया जाएगा, इसके लिए जगह-जगह विभिन्न तरह की तैयारियां की गई है।

- पुराने वर्ष की विदाई और नए के स्वागत में जुटे लोग

नए साल के स्वागत एवं बीत रहे साल की विदाई को लेकर सभी के मन में उत्साह बना हुआ है। इस दिन को यादगार बनाने के लिए पार्टियों का आयोजन भी किया गया है। हर कोई अपने अपने हिसाब से साल की विदाई एवं नए साल का स्वागत करने के लिए तैयारी कर रखे है। 31 दिसंबर की रात्रि में जगह-जगह नए विदाई के साथ नए साल के स्वागत की तैयारी है। हॉटल रेस्टोरेंट में पार्टी आयोजित की गई है, जहां कल की मध्य रात्रि में बीत रहे साल की विदाई के साथ नए साल का जश्न भी मनाया जाएगा, इसके लिए कई हॉटल एवं रेस्टोरेंट में तैयारी की गई है।

### फूलों के बाजार में तैयारी

कल 31 दिसंबर की रात्रि में साल 2023 विदा हो जाएगा और नए साल 2024 की शुरूआत हो जाएगी। नए साल को लेकर जहां लोगों में उत्साह भरा हुआ है, वहीं फूलों के कारोबारी भी उत्साहित है। इस अवसर पर फूलों की मांग बढ़ जाती है, जिसे ध्यान में रखते हुए स्थानीय फूलों के दुकानदार पर्याप्त फूल का स्टॉक के लिए आर्डर दिए हैं।

### केक की एडवांस बुकिंग

नए साल का लोगों के द्वारा अपने-अपने अंदाज में किया जाता है,वहीं कुछ लोग ऐसे भी है, जो प्रतिवर्ष साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर की मध्य रात्रि में केक काटकर नया साल का स्वागत करते हैं, जिसके लिए ऐसे लोग कई दिन पूर्व से ही दुकानों में केक के लिए एडवांस बुकिंग करा रखे हैं।

# विकसित भारत के लिए जनभागीदारी जरूरी

**बैकुण्ठपुर।** जिले के प्रत्येक नागरिकों की जिम्मेदारी है कि भारत को एक विकसित देश बनाने में सब सहयोग करें, भारत को आगामी 2047 तक विकसित राष्ट बनाने के लिए आवश्यक है कि हमारे देश के प्रत्येक नागरिक अपने शत-प्रतिशत योगदान दे। यह बात जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित ग्रामीणों, किसानों, युवाओं से कही। सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगोड़ी व पुसला में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की गई। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा लगातार जारी है। इस यात्रा में जुड़कर हजारों नागरिक महत्वपूर्ण योजनाओं से जुड़ रहे हैं व मौके पर लाभ भी ले रहे हैं। डॉ.चतुर्वेदी ने कहा कि पात्रता के अनुसार केन्द्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं से जुड़ कर लाभ लें और देश को विकसित करने के लिए जनभागीदारी में योगदान दे।



### अंजुमन कमेटी ने विधायक राजवाड़े का किया स्वागत

**बैकुण्ठपुर।** नव निर्वाचित बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े का शुक्रवार को अंजुमन कमेटी बैकुंठपुर ने स्वागत किया है। बैकुंठपुर का विधायक निर्वाचित होने के बाद भईयालाल राजवाड़े का जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्थानीय अंजुमन कमेटी बैकुंठपुर के पदाधिकारियों के द्वारा नव निर्वाचित विधायक भईयालाल के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां कमेटी के पदाधिकारियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। अपने स्वागत से अभिभूत विधायक भईयालाल राजवाडे ने कहा कि इससे पहले यहां क्या-क्या हुआ उसे तो मैं ठीक नहीं कर सकता हूं, लेकिन वर्तमान समय में मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि आप लोगों के बेहतरी के लिए जो भी मुझसे बन पाएगा वह करूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं मालूम कि मैं अगली बार विधायक रहूं या न रहूं,लेकिन आज आप लोग के लिए हूं। आप लोगों को कोई भी तकलीफ नहीं होगा। आप लोग पांच साल परेशान रहे हैं, मैं भी रहा हूं, लोगों का काम मैं नहीं करा पाया। श्री राजवाड़े ने कहा कि मोदी की गारंटी है उसी तरह भईयालाल का भी ये गारंटी बैकुंठपुर विधान सभा की जनता के लिए है।

### आकांक्षी ब्लॉकों और जिले की डेल्टा रैंकिंग की बैठक

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा आयोजित तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन, आकांक्षी ब्लॉकों और जिलों की ग्राउंड स्टोरी पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े अधिकारियों से कहा कि सम्मलेन सरकारी वितरण तंत्र को और अधिक मजबूत करके आबादी के लिहाज से जीवन की बेहतर गुणवक्ता के लक्ष्य को हासिल करने के साथ सहयोगात्मक कार्रवाई के लिए आधार तैयार करना होगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार:-**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद पकनी को सूचित किया जाता है कि श्रीमती दुर्गावती पिता/पति श्री रामबरन निवासी पटियाडांड के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं. 872/18, 872/35 रकबा 0.02, 0.0143 हे. जो ग्राम पकनी प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. ओड़गी तहसील ओड़गी जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका निगम क्षेत्र पकनी के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 5/01/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

TOP IN SURGUJA

SRS HOSPITAL न्यूनतम दर उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं
■ जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल ह्रदय रोग सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा, आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
■ 24X7 आपातकालीन सुविधा, क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर एडवांस आई. सी. यू. यूनिट, निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
■ 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
24/7
More information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

रायपुर के सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ
कैंसर रोग एवं सामान्य लक्षण
• मुंह में अल्सर न ठीक होना • ब्रेस्ट में गांठ • गर्दन या चेहरे में सूजन • निगलने में कठिनाई • थूक में रक्त
• मल में खून • लंबे समय तक मासिक धर्म • असामान्य वजन / भुख न लगना • ऊपरी या निचले अंग पर गांठ • तिल मस्से के रंग, आकार का बदलना
MBBS M.S. (Gen Surgery)
DrNB (Surgical Oncology)
Fellowship in Thoracic Surgical Oncology
Tata Memorial Hospital Mumbai
Consultant-Surgical Oncology
डॉ. सौरभ जैन
गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL 24x7 Emergency Service
दिनांक- 30 दिसम्बर 2023 शनिवार समय- दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

अमृत काढ़ा काजमी: यह दवा मात्र तीन खुराक के सेवन से 8 प्रकार के बुखारों को 100 प्रतिशत ठीक करती है।
विजरा माल्ट: यह दवा पुरूष बांझपन एवं नपुंसकता का विश्व का सबसे उत्तम दवा है। पैथोलैब टेस्ट में एक भी शुक्र कीट मिलने पर 100 प्रतिशत ईलाज।
विजरा पावर: यह दवा पहले दिन पहले खुराक से ही सेक्स की कमजोरी को दूर कर शीथिलता एवं शीघ्रतपन को समाप्त कर सम्पूर्ण आनंद की अनुभूती करायेगा
निर्माताः- चिराग हर्बल- घड़ी चौक, अम्बिकापुर, वैद्य जी मो. 9826461355

सरगुजा मार्केट

हृदय रोग ओपीडी आपके शहर अंबिकापुर में
नारायणा हेल्थ, रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ. एस.एस. पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
हृदय रोग के सामान्य लक्षण :-
• सीने में दर्द • साँस लेने में तकलीफ, जल्दी थक जाना • अनियमित हृदय गति • जी मचलना, सीने में जलन, पेट और पीठ में दर्द • बाएं कंधे या बांह से बाएं शरीर में दर्द फैलना
13 जनवरी 2024 शनिवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पतला रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9617247433, 9713667433

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी, 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

माहवारी के समय दर्द, असमय एवं अनियमित माहवारी, पेशाब में जलन, सफेद पानी, गर्भाशय में गठान, बाल झड़ना, चेहरे में मुंहासे, पुराना एक्जिमा एवं महिलाओं के समस्त रोगों का 100% प्राकृतिक और सफल होमियोपैथी उपचार के लिए संपर्क करे।
समय सुबह 08.00 बजे से 12.00 pm
दोपहर 02.00pm से रात 07.00 बजे तक।
डॉ. अमरीन फिरदौसी
BHMS, MSC Nutrition
होमियोपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
शालीमार कालोनी, नवागढ़, महामाया मंदिर के पास, अंबिकापुर,
9179454786, 9753214959

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 जनवरी 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
■ आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
■ दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
■ किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
■ पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
■ किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉकटरों की टीम द्वारा दुरबीन विधि LAPROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपी सर्जन
● गॉल ब्लैडर (पित की थैली) ● अपैण्डिक्स ● हार्निया ● पेट में गठान ● पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा आपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज ,थाइराइड, मोटापा,माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध:
07 जनवरी 2024, दिन- रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा N.I.O.S./ CBSE समक्ष पाठ्यक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में (माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध है
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
समय प्रात: 8 बजे से रात 8 बजे तक
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनैरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

## खबर संक्षेप

### सरस्वती कॉलेज में वार्षिक खेलकूद स्पर्धा प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** सरस्वती महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता प्रारंभ की गई। इस अवसर पर डॉ. बीपी तिवारी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है। खेल से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। सभी को उत्साह केसाथ खेलों में भागीदारी करना चाहिए। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ प्रारंभ कराई। छात्र-छात्राओं ने खेल स्पर्धा में उत्साहपूर्वक भागीदारी कर अपनी प्रतिभा दिखाई। छात्र अरविंद ने लंबी व ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल, विवेक तिवारी एवं पीयूष पटेल की टीम ने 2-1 से मुकाबला जीता। इस दौरान सहायक प्राध्यापक प्रवीण शर्मा, मीना पटेल, मलय दास, प्रभाकर राम, संगीता सिंह, हीरालाल राजवाड़े, दीपशिखा सिन्हा उपस्थित थे।

### बाइक सवार ने पैदल घर लौट रही युवती को मारी टक्कर, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** दुकान से काम करके पैदल घर लौट रही युवती को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी है। दुर्घटना में युवती को गंभीर चोट आई है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कुंजनगर झारपारा निवासी 18 वर्षीय जाजी राजवाड़े पिता स्व. बिशुन राजवाड़े बीती रात करीब 9 बजे बिश्रामपुर स्थित एक दुकान में काम करके पैदल अपने घर वापस लौट रही थी। तभी रेलवे स्टेशन चौक के समीप बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएन 5807 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए युवती को टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवती के सिर, दोनों पैर व शरीर के अन्य हिस्से में चोटें आई है। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202308020700047**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्:-2022-2023

फुन्दुरडिहारी प.ह.न.00016 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-दीपराज लकड़ा, अनावेदक पक्षकार-कोई नहीं,

**ईश्तहार**

आवेदक दीपराज लकड़ा आ. अगस्टीना लकड़ा, निवासी फुन्दुडिहारी, बीचपारा, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 110/1, 112/1, 87/2 रकबा 0.024, 0.248, 0.121 हे. भूमि के राजस्व अभिलेखों में अनिमा का नाम त्रुटिवश अभिना, प्लासीदियुस का नाम त्रुटिवश ब्लासीपियुस, अगस्टीन का नाम त्रुटिवश अगस्टिना, बिलयम का नाम त्रुटिवश विलियम तथा भूमि के प्रकार में कृषि भूमि के स्थान पर शासकीय पट्टेदार दर्ज हो गया है जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/1/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/08/2023 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

**A न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) (पीठासीन अधिकारी-पंकज आलोक तिर्की)**

**समंस**

(धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के तहत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण)

उत्तराधिकारी प्रकरण क्रमांक.-06/2023
प्रोसेस क्रमांक- 687
पेशी दिनांक- 24-01-2024

पक्षकार- श्री चन्द दुबे ------आवेदक

**विरूद्ध**

प्रबंधक छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक शाखा-बरतीकला वगैरह -------अनावेदकगण

प्रति,
आम जनता,

आवेदक श्री चन्द दुबे आ. स्व. अंर्जुन दुबे आयु लगभग 43 वर्ष, जाति-ब्राम्हण, निवासी ग्राम-फरसडीहा, थाना-बसंतपुर, तहसील-वाड्रफनगर, जिला-बलरामपुर-रा.मानुजगंज (छ.ग.) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक के बड़े भाई स्व. रामलाल दुबे के द्वारा अपने जीवनकाल में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा-बरतीकला में बचत खाता क्रमांक-77032291637 में जमा राशि एवं सावधि खाता में जमा सम्पूर्ण राशि को प्राप्त करने हेतु स्व. रामलाल दुबे के एकमात्र उत्तराधिकारी होने के कारण उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने बावत् आवेदन, इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः आम जनता को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आप में से किसी को भी कुछ कहना है या अपना पक्ष रखना है, तो आप आगामी पेशी दिनांक-24.01.2024 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अवयस्क होने की दशा में अपने वली के माध्यम से या अपने अधिवक्ता या ऐसे किसी व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं, जिसे कि आपने अपनी ओर से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु विधिवत अधिकृत किया है या उन्हें अपना पक्ष रखने हेतु समस्त तथ्यों से अवगत करा दिया है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मैं अवकाश पर जाता हूं, तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 19/12/2023 को जारी।

(पंकज आलोक तिर्की)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

## पौनी पसारी योजना के तहत बनाया गया शेड बना शो पीस

# शहर के चौक-चौराहों पर लग रहा अघोषित बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के चौक-चौराहों पर अघोषित बाजार संख्या बढ़ती ही जा रही है। चौक चौराहों के समीप सज रही बाजार से न सिर्फ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है बल्कि आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। शहर के चौक चौराहों में लग रही बाजार को व्यवस्थित करने नगर निगम द्वारा कुछ साल पूर्व पौनी पसारी योजना के तहत पांच स्थानों में सब्जी बिक्री करने के लिए लाखों की लागत से शेड निर्माण कराया गया है। हैरानी की बात यह है कि योजना के तहत नगर निगम द्वारा बाजार के लिए शेड निर्माण करा दिया गया परंतु गांधीनगर थाना के समीप व आकाशवाणी चौक के समीप बनाए गए शेड़ का उपयोग सब्जी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है परंतु बाकी तीन स्थानों पर लगाए गए शेड मात्र शो पीस बनकर रह गई है। आज भी इन क्षेत्रों में शेड के नीचे सब्जी बाजार लगाने के बजाय चौक चौराहे व सड़क किनारे ही सब्जी विक्रेता अपनी दुकान लगाते है। बावजूद इसके आज तक इन सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित नहीं किया गया है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**खास बात**

- दुर्घटना की संभावना बढ़ी, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

शहर के आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण सब्जी बिक्री करने शहर आते हैं। शहर में कंपनी बाजार व गुदरी बाजार में सब्जी विक्रेताओं की अधिक भीड़ होने पर ग्रामीण शहर के चौक चौराहों के समीप सड़क किनारे सब्जी बिक्री करते है। शहर के कोई ऐसा चौक चौराहा नहीं है जहां सब्जी विक्रेताओं द्वारा दुकान नहीं लगाई जाती है। चौक चौराहों व सड़क किनारे लग रही बाजार को व्यवस्थित करने नगर निगम द्वारा कुछ साल पूर्व मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी पौनी पसारी योजना के तहत शहर के पांच प्रमुख जगह बिलासपुर चौक के समीप मठपारा, प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप, महामाया मंदिर के नवागढ़ व गांधी नगर थाना के समीप के अलावा आकाशवाणी चौक के समीप जगह का चिन्हांकन किया गया। कुछ साल पर ही लाखो की लागत से चिन्हांकित जगहों में नगर निगम द्वारा लाखों की लागत से चबूतरा व शेड का निर्माण कराया गया। शेड़ व चबूतरा का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है। गांधीनगर थाना के समीप व आकाशवाणी चौक के समीप बनाए गए शेड को छोड़ बाकी जगह की शेड के नीचे बाजार नहीं लगने से मात्र शो पीस बनकर रह गई है। ऐसे में जिस उद्देश्य से नगर निगम द्वारा पौनी पसारी योजना के तहत बाजार के लिए लाखों रुपए खर्च कर निर्माण कराया है वह सार्थक साबित नहीं हो सका। हैरानी की बात यह है बाजार के लिए चिन्हांकित जगहों पर शेड व चबूतरा बनकर तैयार है बावजूद इसके आज तक ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित करने किसी प्रकार की पहल नहीं की गई और न ही सड़क किनारे व चौक चौराहे पर बाजार लगाने वाले व्यवसायियों पर कार्रवाई की जिससे व्यवसायी निडर हो कर चौक चौराहों पर बाजार सजा रहे है।



सड़क किनारे सब्जी बेचते ग्रामीण।



पौनी पसारी का वीरान शेड।

### मवेशी व गरीबों का बना आशियाना

नगर नगर द्वारा शहर के पांच स्थानों पर पौनी पसारी योजना के तहत शेड व चबूतरा का निर्माण कराया गया है। गांधीनगर व आकाशवाणी चौक के समीप निर्माण कराए गए शेड व चबूतरा का उपयोग बाजार के लिए किया जाता है। परंतु नवागढ़, मठपारा व प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप बनाए एक शेड़ के नीचे सब्जी व्यवसायियों द्वारा दुकान नहीं लगाने से शेड़ व चबूतरा अनुपयोगी हो गया है। ऐसे में शहर में भिक्षाटन करने वाले गरीब लोगों का दूसरे जगह मवेशियों का आशियाना बन गया है। शेड निर्माण कराए साल भर से अधिक हो गए परंतु आज तक शेड़ के नीचे बाजार नहीं लग सकी।

#### नहीं आते ग्राहक

नगर निगम द्वारा बनाए गए शेड में कुछ दिन सब्जी विक्रेताओं ने दुकान लगाई परंतु ग्राहक नहीं होने से सब्जी व्यवसायी पुनः चौक चौराहों के समीप दुकान लगाना शुरू कर दिया। सब्जी विक्रेताओं की माने तो बनाए गए सेड में सड़क से काफी अंदर होने के कारण ग्राहक नहीं पहुंचते और केवल एक दो लोगों द्वारा दुकान लगाने आए जबकि अन्य लोग सड़क किनारे ही दुकान लगाए रखा जिससे उनके पास ग्राहक नहीं आने से बिक्री कम होने लगी। व्यवसायियों का कहना है कि सब्जी बिक्री नहीं होने तथा खराब होने से उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान होता है जिससे वे चौक चौराहों व सड़क किनारे सब्जी बिक्री करने को मजबूर है।

#### किया जाएगा व्यवस्थित

चौक चौराहों व सड़क किनारे सब्जी दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई कर उन्हें दो तीन बार शेड़ में व्यवस्थित किया गया था। परंतु सब्जी व्यवसायी शेड़ के नीचे दुकान लगाने तथा ग्राहक के नहीं आने की बात कर पुनः सड़क किनारे दुकान लगाना शुरू कर देते है। जल्द ही सड़क किनारे व चौक-चौराहों पर सब्जी लगाने वालों को अभियान चलाकर व्यवस्थित किया जाएगा।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर

# सरगुजा संभाग में एम्स हॉस्पिटल खोलने सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा संभाग में एम्स हॉस्पिटल खोले जाने की मांग को लेकर आधा दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों के सरपंच व जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर सरगुजा संभाग में एम्स हॉस्पिटल खोले जाने की मांग की है। सीएम को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सरगुजा संभाग आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र पिछड़ा व गरीब इलाका है,यहां से चारों तरफ उच्च स्तरीय चिकित्सालय 400 किलोमीटर से अधिक दूरी पर है।आवागमन का मुख्य साधन सड़क मार्ग है जो काफी खर्चीला व जानलेवा है।

- आधा दर्जन से अधिक पंचायत प्रतिनिधियों ने अस्पताल खोलने की उठाई मांग, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र का दिया हवाला
- आपातकालीन स्थिति में नहीं मिल पाता बेहतर इलाज, कई ग्रामीणों की जा चुकी है जान

दुर्घटना होने अथवा गंभीर रूप से बीमार होने पर आपातकालीन स्थिति में यात्रा का समय अधिक होने से मरीज की रास्ते में सांसे थम जाती है।रायपुर एवं बिलासपुर में उच्च स्तरीय चिकित्सालय है लेकिन सरगुजा संभाग में उच्चस्तीय अस्पताल अब तक नहीं है।उत्तर छतीसगढ़ से सटे राज्यो में उच्च स्तरीय अस्पताल हैं जो काफी दूर स्थित है। कोरवा, पण्डो, बिरहोर, चेरवा इत्यादि विशेष जनजाति वर्ग के लोग सरगुजा में निवासरत है। खासतौर पर बारिश के समय उल्टी, दस्त, डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों की चपेट में आकर दूरस्थ अंचल के लोग इलाज के आभाव में असमय काल के गाल में समा जाते है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखकर सरगुजा संभाग में एम्स अस्पताल खोलने से क्षेत्रवासियों को इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा और संभाग की बड़ी आबादी सीधे लाभान्वित होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम पंचायत शिवनन्दनपुर, सतपता, केशवनगर, कसलगिरी, बलरामपुर समेत अन्य पंचायतों के नाम शामिल हैं।

### छात्रों ने बिलासपुर का किया शैक्षणिक भ्रमण

**सूरजपुर।** साधु राम विद्या मंदिर के छात्रों ने न्यायधानी बिलासपुर के महत्वपूर्ण स्थानों पर दो दिवस का शैक्षिक भ्रमण किया। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक भ्रमण महत्वपूर्ण साधन है जिससे छात्रों में आपसी भाईचारा, परस्पर सहयोग, किसी विषय के प्रति अपनी समझ विकसित करने का अवसर प्राप्त होता है। बिलासपुर में छात्रों ने बबल आइसलैंड, कानन पेंडारी, प्लैनेटेरियम तथा हाई कोर्ट का भ्रमण किया। साथ ही भ्रमण कर संबंधित जानकारी नोट किया। इस दौरान प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय एवं उप प्राचार्य डीडी तिवारी, शिक्षिका आरती चौबे, रेशमा सिद्दीकी एवं शिक्षक वैभव सिंह चौहान ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।



# पीएम आवास योजना में प्रतिदिन प्रगति प्रतिवेदन अनिवार्यः सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्षित हितग्राहियों को राशि प्रदान कर दी गई है, ऐसे में कोई भी आवास का कार्य लंबित ना रहे। वंचित वर्ग को पक्के आवास देने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में कोई लापरवाही ना बरतें। जिला पंचायत के मंथन कक्ष में जिलेभर के तकनीकी अमले को निर्देशित करते हुए जिला पंचायत सीइओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि प्रत्येक तकनीकी सहायक अपने आवंटित ग्राम पंचायतों में आवास हितग्राहियों से निरंतर संपर्क करें और उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने में जुट जाएं।

- केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा बैठक


उन्होंने कहा कि आप सब यह सुनिश्चित करें कि अविभाजित कोरिया जिले में प्रत्येक लाभान्वित हितग्राही का आवास का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो। जिला पंचायत के मंथन कक्ष में कोरिया एवं एमसीबी जिले के समस्त जनपद पंचायतों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ, जनपद पंचायत सीइओ, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, समस्त तकनीकी सहायक और अन्य योजनाओं के अधिकारी व मैदानी कर्मचारी उपस्थित हुए। जिला पंचायत सीइओ ने बैठक में उपस्थित तकनीकी अमले से ग्राम पंचायत वार आवास निर्माण समीक्षा करते हुए प्रगति का आंकलन किया। जनपद वार लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति की जानकारी लेने के बाद उन्होंने बैकुंठपुर और सोनहत के तकनीकी सहायकों को जमकर फटकार लगाई। तीसरी किस्त के बाद भी अपूर्णता वाले ग्राम पंचायतों में ज्यादा ध्यान देकर प्रतिदिन प्रगति का प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन भी तकनीकी सहायकों के 100 से ज्यादा आवास हितग्राही पूर्णता के लिए लंबित हैं, वह प्रतिदिन कम से कम चार आवासों को पूर्णता तक ले जाएं। उन्होंने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले पांच तकनीकी सहायकों के कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उन्होंने प्रत्येक तकनीकी सहायक को प्रतिदिन प्रगति प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति लाने संबंधी आवश्यक निर्देश देने के बाद जिला पंचायत सीइओ ने महात्मा गांधी नरेगा योजना की समीक्षा की। वार्षिक लेबर बजट पर प्रगति की चर्चा करते हुए उन्होंने कोरिया जिले को आवंटित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि लाने के निर्देश दिए। वनाधिकार पत्रकधारियों को प्राथमिकता में रखते हुए सेचुरेशन मोड में जाकर सभी को मनरेगा से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। सीईओ श्री चतुर्वेदी ने कहा कि कोई भी परिवार योजना के लाभ से वंचित ना रहे, इसके लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य स्वीकृति कराएं। साथ ही खड़गवां, बैकुंठपुर और सोनहत में महिला मानव दिवस की वृद्धि के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधार आधारित भुगतान को पूर्णता की ओर ले जाएं। मनरेगा के लंबित कार्यों को एक माह में पूर्ण कराते हुए सभी को एमआईएस में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



अधिकारियों की बैठक लेते सीईओ डा.आशुतोष चतुर्वेदी।

# अग्रवाल महासभा ने सीताराम को दी श्रद्धांजलि

**अंबिकापुर।** अग्रवाल महासभा ने शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा के महामंत्री व नागरिक सेवा समिति के महासचिव राजीव अग्रवाल के पिता सीताराम अग्रवाल के निधन पर शोकाकुल परिवार से उनके निवास पर मुलाकात कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। अग्रवाल महासभा के संभागीय अध्यक्ष श्रीनिवास केडिया, उपाध्यक्ष सुभाष गोयल, अरविंद सिंघानिया, कृष्ण कुमार अग्रवाल, मनोज अग्रवाल एवं अग्रवाल महासभा के महासचिव संजय अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल ने सीताराम अग्रवाल के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अग्रवाल सभा के सभी सदस्यों ने परिवारजनों को गीता भेंट कर ढांढस बंधाया। अग्रवाल सभा के सदस्यों ने कहा सीताराम अग्रवाल कई समाज सेवा के कार्य किए है। उनके निधन होने से समाज को छती पहुंची है।





# सात दिवसीय शिविर में छात्रों को दी गई सर्वांगीण विकास की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

पकनी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य कन्नी लाल पैंकरा के संरक्षण एवं कार्यक्रम अधिकारी रीता गिरी के नेतृत्व में 21 से 27 दिसंबर तक प्राथमिक विद्यालय ठाकुर पारा में नशा मुक्त भारत एवं युवा थीम पर आयोजित विशेष सात दिवसीय शिविर का समापन 27 दिसंबर को किया गया। शिविर में छात्राओं द्वारा प्रतिदिन प्रातः जागरण, प्रभातफेरी, योगा, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, जागरूकता अभियान, रैली एवं देशभक्ति एवं लोककला से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शिविर के द्वितीय दिवस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चेंद्रा की टीम द्वारा शिविरार्थी छात्राओं एवं अन्य ग्रामीणों का हीमोग्लोबिन, सिकलिंग एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विकास कुमार प्रजापति द्वारा विधिक साक्षरता की जानकारी दी गई। शिक्षिका रंजना घोष ने नशा मुक्ति पर व्याख्यान दिया। एमएस सोनवानी सहायक संचालक मछली पालन विभाग द्वारा विभाग संबंधित जानकारी देते हुए नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया एवं युवा पीढ़ी को नशा से दूर रहने की सीख दी। प्रो.सीबी मिश्र, अनुरंजन कुजूर, रामानुज प्रताप सिंहदेव, गोवर्धन सिंह द्वारा शिविरार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि घनश्याम अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि उमेश अग्रवाल, मोक्ष नारायण गुप्ता, गिरीश गुप्ता, बृजेन्द्र भारती, प्रेम कुशवाहा, बिजेन्द्र देवांगन, नीलकमल विश्वास, शिवकुमार गुप्ता, आनंद गिरी, नीता गिरी, रामबाबू कुशवाहा सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा छात्राओं को ऊनी टोपी,पेन, चॉकलेट एवं शिविर सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शिविर संचालिका रीता गिरी ने बताया कि रासेयो का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास करना है।

### निःशुल्क शिविर में ग्रामीणों का किया गया उपचार

**लखनपुर।** स्व. श्रीमती शोभा मंजूरी सिंहदेव की स्मृति में शुक्रवार को ग्राम अरगोती में सर्वेश्वरी समूह के तत्वाधान में निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों ग्रामीणों का स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण कर निःशुल्क दवा व चश्मा वितरित किया। गौरतलब है कि पिछले 2 वर्षों से लखनपुर राज परिवार के सदस्यों द्वारा श्रीमती सिहंदेव की स्मृति में पिछले दो सालों से ग्राम डांडकेसरा, बिनिया में जरूरत मंदों को वस्त्र वितरण एवं अरगोती में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में डॉ. अनिल सिंह, पीएन द्विवेदी, डॉ. अर्पण सिहं, डॉ. अनुमा सिंह, डॉ. चेतन्य की टीम ने उपस्थित ग्रामीणों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण कर निःशुल्क दवा चश्मा वितरित किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम, रणजीत सिहंदेव, इंद्रजीत सिहंदेव, विक्रमादित्य सिंहदेव, रणविजय सिहंदेव, वीरेंद्र सिंहदेव, देवआकृत सिहं झाला, मानवेंद्र सिंह, समर विजय सिंह तोमर, राधा गोविंद सिंह, राकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।





